बाबा साहेब भीमराव अम्बेदकर बिहार विश्वविद्यालय
मुजफ्फरपुर (बिहार)-842001

प्रो. (डॉ.) आलोक प्रताप सिंह
अध्यक्ष , छात्र कल्याण

{ईमेल आईडी :- dswbrabu01@gmail.com }
dsw@brabu.ac.in
{वेबसाइट:-www.brabu.net/ brabu.ac.in }

पत्रांक सं० D/735 दिनांक 24/3/25

सेवा में,

सभी विभागाध्यक्ष,
स्नातकोत्तर विभाग,
बी० आर० ए० बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर
सभी प्राचार्य/प्राचार्या
स्नातकोत्तर केंद्र महाविद्यालय,
बी० आर० ए० बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर

विषय:-स्नातकोत्तर सत्र 2024-2026 में दिनांक 25.03.2025 से 29.03.2025 से ऑनलाइन आवेदन, Edit के साथ ऑन स्पॉट नामांकन के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया

निर्देशानुसार सूचित करना है कि स्नातकोत्तर सत्र 2024-2026 में दिनांक 25.03.2025 से 29.03.2025 तक ऑनलाइन आवेदन, Edit के साथ ऑन स्पॉट नामांकन के लिए निम्नलिखित दिशा-निर्देशों का अनुपालन अनिवार्य है।

1. छात्रों के द्वारा ऑनलाइन आवेदन किया होना अनिवार्य है।
2. सभी विभागाध्यक्ष / प्राचार्य / प्राचार्या यह सुनिश्चित कर ले कि विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय मेधा सूची चयनित वैसे छात्र जो विश्वविद्यालय विभाग / महाविद्यालय में नामांकन के लिए राशि का भुगतान कर चुके हैं और विश्वविद्यालय विभाग / महाविद्यालय द्वारा उन छात्रों की सूची को विश्वविद्यालय के UMIS पोर्टल पर अपलोड नहीं किया है, उन छात्रों को प्रथम वरीयता देते हुए छात्रों की सूची UMIS पोर्टल पर अपलोड करें। अगर उस विषय में स्थान रिक्त हो तो।
3. सभी विभागाध्यक्ष / प्राचार्य / प्राचार्या से आग्रह है कि ऑन स्पॉट नामांकन मेरिट लिस्ट बनाकर करें।
4. विभिन्न विषयों में बचे हुए सीटों पर नामांकन सामान्य सीट के रूप में किया जाएगा।

बाबा साहेब भीमराव अम्बेदकर बिहार विश्वविद्यालय
मुजफ्फरपुर (बिहार)-842001

प्रो. (डॉ.) आलोक प्रताप सिंह
अध्यक्ष , छात्र कल्याण

{ईमेल आईडी :- dswbrabu01@gmail.com }
dsw@brabu.ac.in
{वेबसाइट:-www.brabu.net/ brabu.ac.in }

दिनांक. ____________

पत्रांक सं० . ____________

5. छात्र किसी भी विश्वविद्यालय विभाग / महाविद्यालय में जहां सीट उपलब्ध हो नामांकन ले सकते हैं तथा स्नातकोत्तर विषय बदलने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित नियम परिनियम (Memo No-B/651 Date:-24.03.2021) का ध्यान अवश्य रखें साथ ही विषय परिवर्तन करने वाले छात्रों का नामांकन किसी भी प्रायोगिक विषय नहीं लिया जाएगा।

6. विश्वविद्यालय विभाग / महाविद्यालय छात्रों द्वारा विषय बदलने की स्थिति में पहले छात्रों द्वारा भरे गये ऑनलाइन आवेदन को Edit करे तत्पश्चात नामांकन ले।

7. नामांकन समिति के निर्णय के आलोक में चार वर्षीय B. Ed. (इंटीग्रेटेड टीचर एजुकेशन प्रोग्राम - ITEP) उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं का भी नामांकन लिया जा सकता है।

8. विश्वविद्यालय विभाग / महाविद्यालय निर्धारित सीट से अधिक नामांकन किसी भी परिस्थिति में नहीं ले।

9. सीट से अधिक नामांकन लेने पर UMIS Update नहीं किया जाएगा और निर्धारित सीट से अधिक नामांकन की जवाबदेही विभागाध्यक्ष / प्राचार्य / प्राचार्या की होगी।

माननीय कुलपति महोदय के मौखिक आदेशानुसार।

भवदीय

ह०/-

अध्यक्ष, छात्र कल्याण

ज्ञापांक..B/735.................. मुज० दिनांक....24/03/.....2025

प्रतिलिपि प्रेषित :-

1. कुलसचिव, बी० आर० ए० बिहार, विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर।
2. माननीय कुलपति महोदय के निजी सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाई हेतु प्रेषित।

Alok Pratap Singh

अध्यक्ष, छात्र कल्याण

24.03.2025